उद्योगों को संवारेगा आईआईटी बीएचयू

वाराणसी | निज संवाददाता

मीडिया से रुबरू आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. पीके जैन (बाएं)। • हिन्दुस्तान

आईआईटी बीएचयू अपने सौ साल के ज्ञान के बल पर समाज में बदलाव का प्रयास करेगा। तकनीक को जमीनी स्तर पर उतारकर सबसे पहले लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ाने का प्रयास करेगा। इसके लिए 31 अगस्त से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें लघु एवं कुटीर उद्योग के साथ ही बड़ी औद्योगिक इकाइयों व सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों से संवाद कर के समस्या का निर्धारण व समाधान होगा।

आईआईटी के निदेशक प्रो. पीके जैन कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू अपने स्थापना के समय से ही समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार कर रहा है। महामना जी ने जब बीएचयू में बनारस इंजीनियरिंग कालेज (बेंको) की स्थापना की थी तब यहां बिजली के साथ ही साबुन व डिटर्जेंट पाउडर बनाए जाते थे। कार्यशाल के समन्वयक प्रो. पीके मिश्रा ने कहा कि बनारस के सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्योग के साथ ही हैंडीक्रॉफ्ट की तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। आईआईटी बीएचयू के पास विषय विशेष के साथ ही उन्नत प्रयोगशालाएं हैं, जहां समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

हिन्दुस्तान – 30.08.2018